**NEWS CLIPPING: 23.03.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# जल संरक्षण के प्रति छात्रों को किया जागरूक



विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में भाग लेते स्टूडेंट

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जल सरंक्षण के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए भाषण और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं हुईं। भाषण प्रतियोगिता में बलविंदर ने पहला, सचिन ने दूसरा, दिव्यांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में मनीषा ने पहला, अंजलि ने दूसरा और डिंपल कौशिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. रेणुका गुप्ता, प्रो. अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 23.03.2018**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय में मनाया गया 'विश्व जल दिवस'

फरीदाबाद, 22 मार्च (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्व-विद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



छात्रा को सम्मानित करते हुए।

इस अवसर पर जल संकट के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए 'जल संरक्षण – जरूरत और कर्तव्य' विषय पर भाषण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति ने पर्यावरण विज्ञान के स्टूडेंट सोसाइटी 'वसुंधरा' का भी शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के परिणामों में भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार बलविन्दर, दूसरा सचिन तथा तीसरा दिव्यांशी ने प्राप्त किया। इसी प्रकार, स्लोगन लेखन में मनिषा ने पहला, अंजलि ने दूसरा तथा डिम्पल कौशिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कुलपति ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए तानिया गर्ग तथा खेलों में उत्कृष्टता के लिए सुषमा सिंह व प्रीति राघव को पुरस्कृत किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 23 March 2018
epaper.punjabkesari.in//c/2734151

**NEWS CLIPPING: 23.03.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# बलविंदर भाषण तो मनीषा स्लोगन लेखन में अव्वल

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल संकट के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जल संरक्षण, जरूरत और कर्तव्य विषय पर भाषण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पर्यावरण विज्ञान के स्टूडेंट सोसाइटी वसुंधरा का भी शुभारंभ किया।

भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार बलविंदर, दूसरा सचिन तथा तीसरा दिव्यांशी ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में मनीषा ने पहला, अंजलि ने दूसरा तथा डिंपल कौशिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए तानिया गर्ग तथा खेलों में उत्कृष्टता के लिए सुषमा सिंह व प्रीति राघव को पुरस्कृत किया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि जल संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। जल संसाधनों के संरक्षण तथा सदुपयोग को लेकर शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संयोजन पर्यावरण विज्ञान पाठ्यक्रम की संयोजक डॉ. रेनुका गुप्ता ने किया।



वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के साथ • जागरण

**NEWS CLIPPING: 23.03.2018**

**AMAR UJALA**

# भाषण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता से किया गया जागरूक

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जल संकट के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए भाषण और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 'जल संरक्षण, जरूरत और कर्तव्य' विषय पर आयोजित हुई भाषण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कुलपति ने पर्यावरण विज्ञान के स्टूडेंट सोसाइटी 'वसुंधरा' का भी शुभारंभ किया। भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार बलविंदर, दूसरा सचिन और तीसरा दिव्यांशी ने हासिल किया। इसी प्रकार स्लोगन लेखन में मनीषा ने पहला, अंजलि ने दूसरा और डिंपल कौशिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कुलपति ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए तानिया गर्ग और खेलों में उत्कृष्टता के लिए सुषमा सिंह व प्रीति राघव को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने जल संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर जल संसाधनों के संरक्षण तथा सदुपयोग को लेकर शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संयोजन पर्यावरण विज्ञान पाठ्यक्रम की संयोजक डा. रेनुका गुप्ता ने किया।



**NEWS CLIPPING: 23.03.2018**

**AMAR UJALA**

# छात्रों को लाइटिंग तकनीक, शॉट और कंपोजिशन के बारे में बताया

## फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए में मोबाइल फिल्म पर कार्यशाला

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा मॉस कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें दिल्ली-एनसीआर के अन्य संस्थानों के विद्यार्थी भी शामिल हुए। कार्यशाला में विद्यार्थियों को मोबाइल फोन से शार्ट फिल्म बनाने की जानकारी दी गई।

कार्यशाला का उद्घाटन एनजीएफ कालेज ऑफ इंजीनियरिंग पलवल के कम्युनिटी रेडियो के निदेशक मुकेश गंभीर ने किया। विभाग के डीन प्रो. राजकुमार ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में मुकेश गंभीर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन विद्यार्थियों को सीखने और ज्ञान अर्जन करने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। विद्यार्थियों को इससे लाभ उठाना चाहिए। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों को इंद्रप्रस्थ कालेज फॉर वूमन दिल्ली से सहायक प्रोफेसर गगन गेरा और मीडिया उद्योग एवं फिल्म निर्माण का अनुभव रखने वाले अभिषेक श्रीवास्तव ने संबोधित किया। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सवों में पुरस्कार प्राप्त कर चुके गगन गेरा ने विद्यार्थियों को मोबाइल पर फिल्म बनाने से संबंधित अहम जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें स्क्रिप्ट राइटिंग, लाइटिंग तकनीक, शॉट व कंपोजिशन जैसी तकनीकों के बारे में भी बताया। जबकि अभिषेक श्रीवास्तव ने स्टोरी बोर्ड के महत्व की जानकारी दी। कार्यशाला में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

**DAINIK BHASKAR**

## कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखा मोबाइल फोन पर फिल्म बनाना

**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग ने जर्नलिज्म के विद्यार्थियों को मोबाइल फिल्म तकनीक के बारे में बताने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मोबाइल फोन के माध्यम से शार्ट फिल्म एवं डाक्यूमेंट्री बनाने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के साथ-साथ फरीदाबाद व एनसीआर के अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के मुकेश गंभीर ने किया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों को इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वूमेन दिल्ली के सहायक प्रोफेसर गगन गेरा तथा अभिषेक श्रीवास्तव ने संबोधित किया। गेरा ने विद्यार्थियों को मोबाइल पर फिल्म बनाने से संबंधित जानकारी दी। साथ ही स्क्रिप्ट राइटिंग, लाइटिंग तकनीक, शॉट व कम्पोजिशन जैसी तकनीक के बारे में भी बताया। अभिषेक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मोबाइल फिल्म के लिए प्रयोग होने वाली एप एवं इनके प्रयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।